# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026


# अमेरिका ने किया मिनटमैन-III परमाणु मिसाइल का टेस्ट, 24 हजार KMPH की रफ्तार से 10 हजार KM दूर तक हमला संभव।

Publisher Published on 22 May 2025



## अमेरिका का शक्ति प्रदर्शन : मिनटमैन-III मिसाइल का सफल परीक्षण।

अमेरिका ने अपनी **परमाणु क्षमता** को और अधिक मजबूत करते हुए **मिनटमैन III (Minuteman-III) मिसाइल** का सफल परीक्षण किया है। यह मिसाइल न केवल अपनी खतरनाक रफ्तार बल्कि अपने एकसाथ कई टारगेट पर हमला करने की क्षमता को लेकर चर्चा में है। इस परीक्षण ने चीन समेत कई देशों की चिंता बढ़ा दी है।

**24 हजार KM प्रति घंटे की रफ्तार, एकसाथ तीन टारगेट**

इस **इंटरकॉन्टिनेटंल बैलिस्टिक मिसाइल (ICBM)** की स्पीड लगभग **24,000 किलोमीटर** प्रति घंटा है। यह मिसाइल एक बार में तीन अलग-अलग जगहों पर वार कर सकती है। इसकी अधिकतम रेंज **10,000 किलोमीटर** है, जिससे यह दुनिया के किसी भी कोने तक पहुंचने में सक्षम है।

**टेस्टिंग कहां और कैसे हुई ?**

१. इस घातक **मिसाइल का परीक्षण 21 मई को कैलिफोर्निया के वैडेंनबर्ग स्पेस फोर्स बेस** से किया गया।

२. परीक्षण की निगरानी **अमेरिकी एयरफोर्स ग्लोबल स्ट्राइक कमांड** की टीम ने की।

३. इस परीक्षण का मुख्य उद्देश्य **अमेरिका की रणनीतिक निवारक ताकत** को परखना और बनाए रखना था।

**मिनटमैन III: तकनीक और ताकत का बेमिसाल उदाहरण**

**LGM-30G Minuteman-III मिसाइल** को तीन-चरणीय सॉलिड प्रोपल्शन सिस्टम से लैस किया गया है:

१. **पहला इंजन : ATK M55A1**

२. **दूसरा इंजन : ATK SR-19**
३. **तीसरा इंजन : ATK SR-73**

इस मिसाइल का निर्माण बोइंग डिफेंस कंपनी ने किया है। एक यूनिट की कीमत लगभग **7 मिलियन डॉलर** है। यह मिसाइल अमेरिका की **न्यूक्लियर ट्रायड (Nuclear Triad)** का अहम हिस्सा है।

क्यों है **मिनटमैन-III** चीन के लिए खतरे की घंटी ?
**मिनटमैन-III** की रेंज और **मल्टीपल टारगेट क्षमता** इसे दुनिया की सबसे घातक मिसाइलों में शामिल करती है।

अमेरिका के इस परीक्षण को **चीन** और **रूस** जैसे देशों के खिलाफ चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है। अमेरिका साफ संकेत दे रहा है कि वह अपनी **रणनीतिक परमाणु क्षमताएं** पूरी तरह ऑपरेशनल और अप-टू-डेट रख रहा है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.